

# डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के समारोह में शामिल हुए सीएम

**भोपाल, 15 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की. महाशिवरात्रि के अवसर पर नवग्रह शक्तिपीठ परिसर - ओम नमः शिवाय- से गूंज उठा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की.**

इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है. उन्होंने राज्य सरकार की ओर से सभी का अभिनंदन करते हुए महाशिवरात्रि पर्व की उपस्थितजन को बधाई दी. उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभागय का विषय है. उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कराया जाना एक अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार करना है.

डॉ. यादव ने इस मौके पर मौजूद कवि कुमार विश्वास का अभिदनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है. वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं.


मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम द्वारा वनवास प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि इतना समृद्ध राज्य छोड़कर संसाधनों के अभाव में भी दो राजकुमारों द्वारा रामराज्य का स्वप्न देखने की घटना साहस, धैर्य और आदर्श का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि भगवान राम द्वारा स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गये, जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे.

### शक्तिपीठ का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

निश्चित ही यह प्रसंग युवा शक्ति के समाजहित में उपयोग की दृष्टि से भी अध्ययन और शोध का विषय है. पूर्व मंत्री डॉ. मिश्रा ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है. डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों को साफा बांधकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान भी किया.

# महाकाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, 10 लाख भक्तों का अनुमान

- महाशिवरात्रि पर रात 2.30 बजे खुले गर्भगृह के पट फिर हुई भस्मारती
- शिखर का ध्वज बदला, 44 घंटे खुला रहेगा मंदिर





नवभारत न्यूज़

उज्जैन. महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में शाम 5 बजे तक 3 लाख 96 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे। मंदिर में दर्शन का सिलसिला निरंतर जारी है. शनिवार-रविवार की मध्य रात 2.30 बजे मंदिर के पुजारियों ने गर्भगृह के पट खोले. इसके बाद भगवान महाकाल का पंचामृत आदि से अभिषेक-पूजन कर दिव्य भस्मारती की गई. सुबह मंदिर के मुख्य शिखर का ध्वज भी बदला गया.

भस्मारती के बाद से ही मंदिर में आम दर्शन का क्रम जारी रहा. 44 घंटे भगवान महाकाल भक्तों को महाशिवरात्रि पर दर्शन देंगे. रातभर मंदिर खुला रहा. अब मंदिर के पट 16 फरवरी की रात 11 बजे शयन आरती में बंद किए जाएंगे. आम दर्शन की लाइन शनिवार रात से ही लग गई थी. रविवार की सुबह होते ही भीड़ तेजी से बढ़ने लगी और कतार करीब 2 किलोमीटर तक लंबी हो गई. उज्जैन जिला प्रशासन ने महाशिवरात्रि पर्व के दौरान देशभर से 10 लाख श्रद्धालुओं के उमड़ने का अनुमान लगाया है. सुबह से दोपहर तक तो मंदिर में औसत 30 से 40 मिनट के अंदर श्रद्धालुओं को दर्शन हो रहे थे. मध्य रात्रि में 2.30 बजे मंदिर के पट खोलने से पहले भगवान महाकाल को परंपरा अनुसार पुजारियों ने प्रथम घंटी बजाकर प्रवेश करते हुए भगवान को जगाया. इसके बाद गर्भगृह में पूजन-अर्चन शुरू हुआ. हरिओम जल अर्पित कर कपूर आरती फिर दूध, दही, घी, शकर और फलों के रस व पंचामृत से अभिषेक पुजारी राघव शर्मा ने किया. भांग व सूखे मेवे के साथ चांदी के आभूषणों से बाबा का शृंगार किया गया. महानिर्वाणी अखाड़े के संत-महंत ने भस्मी अर्पित की. भस्मारती पुजारी ओम गुरु ने संपन्न की. भस्मारती में पूर्व से अनुमति प्राप्त श्रद्धालु नंदीहाल, गणेश मंडप में बैठे थे. वहीं कार्तिक मंडप से श्रद्धालुओं को चलित दर्शन भी कराए गए. मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पत्नी सीमा यादव व परिवार के लोगों ने सुबह नंदीहाल से महाकाल के दर्शन किए.

**महाकाल गर्भगृह में रातभर महापूजा**-महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भगवान महाकाल की 11 ब्राह्मणों ने शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में गर्भगृह में रातभर महापूजा संपन्न की. इस दौरान भगवान महाकाल का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुर्लभ जड़ीबूटियों, पंचामृत, फलों के रस, भांग, भस्म आदि अनेक प्रकार की सामग्रियों से अभिषेक किया गया. पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि अल सुबह तक महापूजा चली. इसके बाद पुजारियों ने गर्भगृह में भगवान महाकाल को सप्त धान्य अर्पित किए. सवा मन फूलों का सेहरा सजाया गया. फूलों की मालाएं पहनाई गई. चांदी का सप्तधान का मुखौटा लगाया गया. सुबह भगवान सेहरे के दर्शन देंगे. सुबह 11 बजे भगवान का सेहरा उतारा जाएगा. इसके बाद दोपहर में 12 बजे दिव्य भस्मारती की जाएगी. वर्ष में केवल एक बार ही महाशिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन भस्मारती तड़के 4 बजे की बजाए दिन में की जाती है.

### डबल डेकर बसों में पहुंचे

महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु पहली बार डबल डेकर बसों में बैठकर विभिन्न स्थानों से मंदिर तक दर्शन करने पहुंचे. वहीं लड्डू प्रसाद खरीदने के लिए भी काउंटरों के बाहर श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही. महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रविवार की शाम 4 बजे परंपरा अनुसार होल्कर व सिंधिया स्टेट की ओर से गर्भगृह में पूजन, आरती की गई व मिठाई का भोग लगाया गया.

## श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा 10 से अधिक लोग घायल

**सीधी, 15 फरवरी.** शहर के पड़रा बाईपास मार्ग में आज दोपहर श्रद्धालुओं से भरी एक आटो के अनियंत्रित होकर पलटने से दर्जनभर लोग घायल हो गये. यह श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना करने हनुमानगढ़ से जोबा शिव मंदिर जा रहे थे. ऑटो पड़रा बाईपास पर अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना रविवार दोपहर 1 बजे की है.

# कार्यकर्ताओं ने भाजपा को बुलंदियों तक पहुंचाया

## जनप्रतिनिधियों ने कहा-एमपी की बेहतर योजनाओं को केरल में करेंगे लागू



**भोपाल, 15 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के ''भाजपा फॉर विकसित केरलम' ' कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों का मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भोपाल में 11 सदस्यीय और ग्वालियर में 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का अवलोकन किया.**

भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भी मुलाकात कर संवाद किया. मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के संगठन को बुलंदी तक पहुंचाया है. नगरीय विकास विभाग की योजनाओं का भ्रमण और अवलोकन के पश्चात् जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश में नगरीय विकास की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं. योजनाओं और नवाचारों को बारीकी से समझा और देखा है. केरल के निकायों में भी ऐसी योजनाओं को लागू कराया जाएगा.

ग्वालियर में पहुंचे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कमल सिंह का बाड़ा स्थित आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया. इसके बाद उन्होंने मोतीमहल, अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, नगर निगम परिषद का अवलोकन कर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगर निगम के कार्यों की जानकारी प्राप्त की. बालभवन स्थित कार्यालय में जनप्रतिनिधियों से संवाद कार्यक्रम में नगरीय विकास की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की.

खुश खबर खुश खबर खुश खबर

उज्जैन व्यापार मेला

आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील

आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट



इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।

युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200

मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

भारतीय खाद्य निगम
Food Corporation of India
ज़ोनल स्पोर्ट्स प्रमोशन कमिटी (ई-मेल: zspcwz@fci.gov.in)
आंचलिक कार्यालय (पश्चिम), भा. खा. नि., राजेन्द्र नगर, दत्तपाडा रोड, बोरिवली (पूर्व), मुंबई-400066

नोटिस

भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय (पश्चिम अंचल) बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस में 15-24 वर्ष की आयु वर्ग (दिनांक 01.04.2026 तक) के मेधावी स्टाइपेंड खिलाड़ियों से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रीमियर और एलीट श्रेणी में छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है, जिसकी आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.02.2026 है|

**अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:**
https://fci.gov.in/zone/admin/storage/ckeditor/Ad_Stipend_1768801736.pdf

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

सहायक की भर्ती - 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों में सहायक के 650 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन दो चरणों में आयोजित होने वाली देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर फ़रवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि | 16 फरवरी 2026 – 08 मार्च 2026 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 11 अप्रैल 2026 |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 07 जून 2026 |

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

पश्चिम रेलवे

वाणिज्य शाखा -ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. लीजिंग आर टी एम 26-01, अनुबंध का प्रकार - Leasing of SLR Compartment, लॉट नं. Train No. 12913-SLR-F1-INDB-NGP, 19817-SLR-F2-RTM-AF, 12228-SLR-R1-INDB-MMCT, 22944-SLR-F1-INDB-DD, 19307-SLR-R1-INDB-UHL, 14115-SLR-R1-DADN-PRYJ, 22984-SLR-R1-INDB-KOTA, 12919-SLR-F1-DADN-SVDK, 20416-SLR-R1-INDB-BSB, 19301-SLR-R1-DADN-YPR, 20414-SLR-F1-INDB-BSB,19339-SLR-F1-DHD-BPL, 20916-SLR-F1-INDB-LPI,20416-SLR-F1-INDB-BSB, 12973-SLR-R1-INDB-JP, 12228-SLR-F1-INDB-MMC, 19339-SLR-R1- DHD-BPL, 20916-SLR-R1-INDB-LPI, 12973-SLR-F1-INDB-JP, 22911-SLR-R1-INDB-HWH, 11704-SLR-F1-DADN-REWA, 19817-SLR-F1-RTM-AF, 12465-SLR-R1-INDB-BGKT, 14115-SLR-F1-DADN-PRY, 12962-SLR-F1-INDB-MMCT, 14319-SLR-R1-INDB, 19301-SLR-F1-DADN-YPR, 12913-SLR-R1-INDB-NGP, 20414-SLR-R1-INDB-BSB, 19325-SLR-R1-INDB-ASR, 12415-SLR-R1-INDB-NDLS, 19817-SLR-R1-RTM-AF, 20917-SLR-F1-INDB-PURI, 22941-SLR-F1-INDB-MCTM, 22941-SLR-R1- INDB-MCT, 19313-SLR-R1-INDB-PNBE, 12919-SLR-R1-DADN-SVDK, 22645-SLR-R1-INDB-TVCN, 19307-SLR-F1-INDB-UHL अनुबंध की अवधि-03 YEARS, ई- नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दि. 27.02.2026 को 10:00 बजे प्रारंभहोगी प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनटहै अनुक्रमिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है

V/456

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें : x.com/WesternRly




Shyam Automotive
Indore: 9152101197, Scheme No. 140: 8291390332, Badnawar: 8291247759, Kukshi: 8879231832, Manawar: 8657588354, Dhar: 9152101197

Sanghi Brothers (Indore) Pvt. Ltd.
Indore: 9152101179

Sugandh Automotive
Ratlam: 9152101215, Neemuch: 8879232287, Mandsaur: 8879231839, Alirajpur: 9152101215, Jhabua: 9619469741, Manasa – 8657519601

Prahlad Abhikaran
Khargone: 9152101213,Khandwa: 9152101213, Burhanpur: 9152101213, Barwani: 9152101213

SANGHI BROTHERS (INDORE) PVT LTD.
Ujjain: 9152101284, Shujalpur: 8879232820, Agar: 8879231218; Badnagar: 8879237413

Sugandh Automobiles
Ujjain: 9167162775, Shahjapur: 9619152209 , Nagda: 9167162775

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^Offers are from multiple Financiers. ~Finance at sole discretion of Financier. ^^Altroz price mentioned is Smart MT CNG , ex showroom Delhi. °Altroz is 5 star BNCAP rated hatchback as per 2025 test. °Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of Petrol, Diesel and CNG. *Altroz is only available in Petrol, Diesel and CNG. As per BNACP results 2025. ^^Price mentioned is Nexon Smart MT CNG, ex showroom Delhi. *Nexon is only available in Petrol, Diesel and CNG and EV. °BNCAP rating is not valid for Nexon. ^^Tiago price mentioned is Tiago XE MT CNG, ex-showroom New Delhi, Local Taxes extra. °GNCAP and BNCAP rating is not valid for Tiago. Tiago is available in Petrol, CNG & EV. Auto transmission is AMT available in Tiago XTA CNG, XZA CNG and XZA NRG CNG. Terms and Conditions apply.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60